**मध्यप्रदेश शासन**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

**मंत्रालय**

**<u>वल्लभ भवन, भोपाल-462004</u>**

क्रमांक GAD/0642/2026/GAD/09/01 भोपाल,दिनांक २२ /09/2026

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव,

मध्यप्रदेश शासन,

समस्त विभाग,

मंत्रालय भोपाल (म0प्र0)

विषयः- माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में कर्मचारी कल्याण से संबंधित प्रमुख विषयों पर समीक्षा बैठक के संबंध में।

----0----

उपरोक्त विषयांतर्गत मुख्यमंत्री कार्यालय प्राप्त टीप क्रमांक 1116/ मुमंका/2026, दिनांक 15/09/2026 की प्रति संलग्न कर लेख है कि माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में कर्मचारी कल्याण से संबंधित प्रमुख विषयों पर निकट भविष्य में शीघ्र समीक्षा बैठक आयोजित होना प्रस्तावित है।

अतः लिंक https://tinyurl.com/HcmMeetingPPT-karmchari-kalyan में आपके विभाग की सीट चयन कर पृथक-पृथक से जिलावार, संभागवार, विभागवार एवं विभाग की एकजाई जानकारी शीघ्र ही दर्ज करने का अनुरोध है।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार

(सचिन्द्र राव)

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन

सामान्य प्रशासन विभाग

क्रमांक GAD/0642/2026/GAD/01/9 भोपाल दिनांक २२/09/2026

प्रतिलिपि:-

1. अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
2. उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
3. निज सचिव, अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

अवर सचिव

मध्यप्रदेश शासन

सामान्य प्रशासन विभाग

# मुख्यमंत्री कार्यालय
## मध्यप्रदेश

छब्बीस-२ सचिवालय

**विषय** : माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में कर्मचारी कल्याण से संबंधित प्रमुख विषयों पर निकट भविष्य में शीघ्र समीक्षा बैठक आयोजित होना संभावित है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में निम्न बिन्दुओं पर आवश्यक तैयारी की जाना अपेक्षित है –

1. **अनुकंपा नियुक्ति**
   - प्रदेश में विभाग स्तर, संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर लंबित प्रकरणों की संख्यात्मक जानकारी।
   - प्रकरणों के लंबित रहने के प्रमुख कारण।
   - अनुकंपा नियुक्ति के नियमों एवं मापदण्डों को और अधिक युक्तियुक्त बनाए जाने के संबंध में सुझाव।
2. **पदोन्नति**
   - प्रदेश में विभाग स्तर, संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर संवर्ग वार पदोन्नति के लंबित प्रकरणों की संख्या।
   - पदोन्नति की शेष कार्यवाही पूर्ण करने के संबंध में सुनियोजित रणनीति के साथ समयसीमा का निर्धारण।
   - पदोन्नति के प्रकरणों के लंबित रहने की पृष्ठभूमि में यदि कोई नीतिगत कठिनाई हो तो, उसकी जानकारी।
3. **सीधी भर्ती**
   - सीधी भर्ती के पूर्व से रिक्त पदों एवं हाल ही में हुई पदोन्नतियों के फलस्वरूप रिक्त पदों पर सभी विभागों में सीधी भर्ती का रोडमैप प्रस्तुतिकरण।
4. **अनुशासनात्मक कार्यवाही**
   - प्रदेश में विभाग स्तर, संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर लंबित विभागीय जाँच प्रकरणों की संख्यात्मक जानकारी (लंबित रहने के वर्षों के घटते क्रम में)
   - विभागीय जाँच प्रकरणों के तय समयसीमा से अधिक समय तक लंबित रहने के प्रमुख कारण एवं समाधान के सुझाव।
5. **पेंशन प्रकरण**
   - प्रदेश में विभाग स्तर, संभाग स्तर एवं जिला स्तर पर संवर्ग वार सेवानिवृत्ति उपरांत लंबित पेंशन प्रकरणों की संख्या।
   - प्रकरण लंबित रहने के प्रमुख कारण एवं समाधान के उपाय।

समीक्षा बैठक में सभी विभागों से जानकारी एकत्र कर प्रस्तुतिकरण तैयार करने के लिए नोडल विभाग सामान्य प्रशासन विभाग रहेगा।

**(नीरज मण्डलोई)**
अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री

**अपर मुख्य सचिव**
सामान्य प्रशासन विभाग

क्रमांक 5149 /अमुस/सा.प्र.वि.
आ. दि. ........
जा. दि. 16/09/2026

15 SEP 2026
AS(DKM)
1116/क्र.क./2026
15/09/26
18/09/2026
TL - 20/9/26